F.No./CSU/Exam/2024/Convocation-1st/

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित

56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

प्रथम दीक्षान्त समारोह

दिनांक 14.02.2024

अधिसूचना

सहर्ष सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान) का संसद के अधिनियम द्वारा वर्ष 2020 में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होने के उपरान्त प्रथम दीक्षान्त समारोह **07 मार्च, 2024 को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, द्वारका सेक्टर 25, दिल्ली** में सम्पन्न होगा।

प्रथम दीक्षान्त समारोह में **मुख्य अतिथि माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु महोदया एवं माननीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार एवं कुलाधिपति श्री धर्मेन्द्र प्रधान समुपस्थित रहेंगे।**

इस समारोह में विश्वविद्यालय के समस्त परिसर एवं सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों से शैक्षणिक सत्र 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में शास्त्री, शास्त्री प्रतिष्ठा, शिक्षाशास्त्री, आचार्य, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि उत्तीर्ण समस्त छात्र/छात्राएँ तथा स्वर्णपदक विजेता भागग्रहण कर सकेंगे।

सभी अर्ह छात्र/छात्रा व्यक्तिगत रूप से अपना पंजीकरण शुल्क रूपये 500/- (पाँच सौ रूपये मात्र) देकर **दिनांक** 29.02.2024 तक गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

पंजीकरण एवं ऑनलाइन भुगतान हेतु लिंक निम्नानुसार हैः-

https://forms.gle/iQEmEuLjRtmNa2kE8

केवल गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकृत छात्रों को ही दीक्षान्त समारोह में भागग्रहण करने हेतु अनुमत किया जाएगा। पूर्व में पंजीकृत छात्रों को पुनः पंजीयन की आवश्यकता नहीं है। पंजीकृत छात्रों के लिए आने जाने का शयनयान श्रेणी (स्लीपर क्लास) रेल किराया अथवा साधारण बस किराया रसीद/टिकट प्रस्तुत करने पर देय होगा। अद्यतन जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.sanskrit.nic.in** का अवलोकन करते रहें।

विशेष - दीक्षान्त समारोह में भागग्रहण करने हेतु उपस्थित समस्त छात्रों का APAAR/ABC (https://www.abc.gov.in/) में पंजीयन होना अनिवार्य है तथा प्रवेश के समय APAAR/ABC ID Card प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

सहायतार्थ सम्पर्क सूत्र -

011-28521258, +91-99904 73756, +91-75032 21284

ई-मेल csuconvocation2024@gmail.com

ह.-

(प्रो. पवन कुमार)

परीक्षा नियंत्रक